# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–69/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व० सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना 12 जुलाई, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती के अवसर पर श्रीकृष्णापुरी पार्क, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व० सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

..........................................